संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनीया–पृष्ठ 04 दिनांक 18/01/2021

## औषधि कार्यक्रम में लिया शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प

# पर्यावरण के लिए स्वच्छता जरूरी



बाजना बस स्टैंड स्थित बगीचे में शपथ लेते हुए स्वच्छता अभियान समिति के पदाधिकारी और सदस्य। ● नईदुनिया

रतलाम। साफ-सफाई एक अच्छी आदत है। स्वच्छ पर्यावरण और आदर्श जीवन शैली के लिए हर एक को यह आदत बनानी चाहिए। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मानसिकता का विकास होता है। इसी के मद्देनजर देश में स्वच्छता की महती आवश्यकता को देखते हुए देश में स्वच्छता अभियान शुरू किया गया है। ऐसे में समाज में रहने वाले हर इंसान की जिम्मेदारी है कि वो शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपना सहयोग दें। हम सब के स्वस्थ जीवन के लिए इस अभियान में हमें कंधे से कंधा मिलाकर भाग लेना चाहिए। इसकी शुरुआत घरों, स्कूलों, कॉलेजों, समुदायों, कार्यालयों, संस्थानों से होनी चाहिए। हमें खुद को, घर, अपने आसपास, समाज, समुदाय, शहर, उद्यान और पर्यावरण आदि को रोज स्वच्छ रखने की जरूरत है। हमें स्वच्छता को रोज की दिनचर्या में शामिल करना है।

यह बात रविवार सुबह बाजना बस स्टैंड स्थित बगीचे में स्वच्छता अभियान समिति के पदाधिकारी और सदस्यों ने कहते हुए शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अतिथि मुख्य ग्रंथी साहेब ज्ञानी मानसिंह ठक्कर, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य सुभाष कुमावत, इनरव्हील गोल्ड क्लब अध्यक्ष संगीता दरड़ा, समता शिक्षा निकेतन प्राचार्य तोसिफ खान, बोधि स्कूल प्राचार्य डॉली, पतंजलि जिला प्रभारी विशाल वर्मा ने भी औषधि का प्रयोग कर विचार रखे। इस दौरान रंगोली का निर्माण कर समिति सदस्यों सहित आगंतुक अतिथियों ने सामूहिक रूप से रतलाम को देश में नंबर वन बनाने के लिए स्वच्छता की शपथ ली। गोपाल प्रसाद शर्मा टंच, चंदनमल घोटा, संजय चपरोट, संजय छाजेड़, सूरजमल टांक, पारस कसेरा, मदन शर्मा, गोपाल डांगी, गजेंद्र शर्मा, महावीर सकलेचा, महेंद्र पोरवाल, अशोक दुबे, कमलेश अग्रवाल, मंगल पिरोदिया, रमेश खंडेलवाल, कनक कटवानी, कमल कोठारी, नवदीप भंडारी, मनीष जटिया, देवीलाल, नितेश निनामा, बलराम डामर, अखिलेश परमार, सतीश बैरागी, अंकित पंवार, रतनदीप शर्मा, महेंद्र रांका, दीपक सिसौदिया, महेंद्र प्रजापत सहित क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

संकलन--नगर निगम, रतलाम अखबार स्वतंत्र पैगाम पृष्ठ 10 दिनांक 18/01/2021



# रतलाम जिले में कोरोना टीकाकरण का शुभारम्भ विधायक श्री चेतन्य काश्यप, श्री दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान श्री मईडा की उपस्थिति में हुआ

रतलाम। रतलाम जिले में कोरोना टीकाकरण का शुभारंभ मेडिकल कालेज में विधायक श्री चेतन्य काश्यप, श्री दिलीप मकवाना, जिला पंचायत प्रधान श्री परमेश मईडा की उपस्थिति में किया गया। सर्वप्रथम मेडिकल कालेज की सफाई कर्मचारी श्रीमती सुमित्रा भाभर को कोविड वेक्सीन लगाया गया। दूसरे नम्बर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे ने टीका लगवाया। इस अवसर पर श्री राजेन्द्रसिंह लुनेरा, पूर्व मंत्री श्री हिम्मत कोठारी, कलेक्टर श्री गोपालचन्द्र डाड, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिडे, एसडीएम श्री अभिषेक गेहलोत, श्री मनोहर पोरवाल, पूर्व विधायक श्रीमती संगीता चारेल, श्रीमती सोमा टांक, श्री गोविन्द काकानी, मेडिकल कालेज डीन डा. शशि गांधी, अधीक्षक मेडिकल कालेज डा. जितेन्द्र गुप्ता, डीआईओ डॉ. वर्षा कुरील, डा. गौरव बोरीवाल, डा. प्रमोद प्रजापति आदि उपस्थित थे। शुभारंभ कार्यक्रम के पूर्व प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए उद्बोधन एवं संदेश को जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, अधिकारी, कर्मचारियों ने देखा-सुना। टीकाकरण अभियान के तहत बाल चिकित्सालय में भी टीके लगाए जा रहे हैं। यहां सर्वप्रथम टीका जिला चिकित्सालय वाहन हेल्पर श्री वीरेंद्रसिंह तंवर को लगाया गया जबकि दूसरा टीका आरएमओ डॉ. योगेश निखरा ने लगवाया। टीकाकरण के लाभार्थी हितग्राहियों ने टीका लगवाने के बाद संतोष एवं प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हम बहुत खुश हैं, गौरवान्वित हैं, टीका लगवाने के बाद हमें कोई भी परेशानी नहीं हो रही है, टीका पूर्णतः सुरक्षित है। उन्होंने अन्य सभी लोगों को टीकाकरण में भागीदार बनाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प भी लिया। स्वतंत्र

# बगीचों में लौट रही रौनक...




लंबे समय से वीरान रहने वाले शहर के बगीचों में अब कोरोना की रफ्तार मंद होने के बाद रौनक बढ़ने लगी है। रविवार अवकाश के दिन बड़ी संख्या में बच्चों ने बगीचों में पहुंचकर धमाल–चौकड़ी की। नगर निगम द्वारा बगीचों में लगवाए गए खेलकूद उपकरण भी बच्चों को काफी आकर्षित कर रहे हैं। •नईदुनिया

# आज फिर 200 लोगों को लगेगा टीका

## मेडिकल कॉलेज व बाल चिकित्सालय केंद्र पर तैयारी, जिन्हें लगा वे सभी स्वस्थ

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना टीकाकरण की शुरुआत शनिवार को होने के बाद अब सोमवार को फिर से दोनों केंद्रों पर टीका लगाया जाएगा। पहले चरण में जिले के 8437 फ्रंटलाइन वर्कर को टीका लगाया जाना है। दोनों केंद्रों पर प्रतिदिन 100-100 लोगों को टीका लगाने के लिए एसएमएस भेजे जा रहे हैं। शनिवार को मेडिकल कॉलेज केंद्र पर 54 व बाल चिकित्सालय केंद्र पर 49 फ्रंटलाइन वर्कर को टीका लगाया गया था। इसमें सफाई कर्मचारी, डॉक्टर शामिल हैं। मैसेज मिलने के बाद भी किसी कारण से टीका नहीं लगवाने वालों को मॉप-अप राउंड में बाद में बुलाया जाएगा।



शनिवार को जिन्हें टीका लगाया गया था, वे सभी स्वस्थ हैं। सीएमएचओ डॉ प्रभाकर ननावरे ने बताया कि टीका लगवाने के बाद उन्हें कोई समस्या नहीं हुई। सोमवार को भी टीकाकरण किया जाएगा। वैक्सीन के दो डोज 28 दिन के अंतर से लगाए जाएंगे। रविवार, मंगलवार, शुक्रवार को टीका नहीं लगेगा।

**रिएक्शन हुआ तो उपचार के सभी इंतजाम :** सीएमएचओ डा. ननावरे ने बताया कि वैक्सीन के डोज से यदि किसी को कोई समस्या होती है तो केंद्र पर ही उपचार के सभी इंतजाम किए गए हैं। हालांकि रिएक्शन के मामले में 10 लाख केस में एक या दो होते हैं।

### मंद पड़ी कोरोना की रफ्तार

जिले में कोरोना की रफ्तार मंद पड़ गई है। लगातार दूसरे दिन रविवार को भी केवल दो पॉजिटिव केस सामने आए। इसमें शहर के धीरज शाह नगर की 65 वर्षीय महिला तथा लक्कड़पीठा क्षेत्र की 70 वर्षीय महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। जिले में संक्रमितों का आंकड़ा 4264 हो गया है। सात मरीजों के डिस्चार्ज होने के बाद स्वस्थ होने वालों की संख्या 4075 हो गई है। 79 की मौत हो चुकी है। एक्टिव मरीजों की संख्या 110 है। जिला महामारी नियंत्रक डा. गौरव बोरीवाल ने बताया कि रविवार को मेडिकल कॉलेज की 51 रिपोर्ट में दो नए पॉजिटिव केस सामने आए। इसी प्रकार 152 रैपिड एंटीजन टेस्ट में एक भी नया पॉजिटिव केस सामने नहीं आया। कोरोना की रफ्तार धीमी होने से सभी राहत महसूस कर रहे हैं।

### वैक्सीनेशन पर एक नजर

| | |
|---|---|
| कुल डोज मिले | 10310 |
| रिजर्व रहेंगे | 1031 |
| फ्रंटलाइन वर्कर कवर होंगे (दो डोज) | 4639 |
| एक वायल में | 10 डोज |

कोरोना वैक्सीन

# पहले दिन अभियान की शुरुआत, रविवार को नहीं लगा कोई टीका

## आज से फिर लगेगा कोरोना का टीका

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. कोरोना से युद्ध के दौरान शनिवार से शुरू हुए टीकाकरण के बाद रविवार को अवकाश होने से इस दिन किसी भी फ्रंटलाइन वर्कर को टीका नहीं लग सका। अब सोमवार को फिर से टीकाकरण की प्रक्रिया शुरू होगी जिसके लिए कर्मचारियों के पास मैसेज भी पहुंचने लग गए। टीकाकरण को लेकर डॉक्टर से लेकर निचले क्रम तक के सभी कर्मचारियों में खुशी का माहौल बना हुआ है।

कोरोना के चलते टीकाकरण के इस दौर में पहले दिन 200 में से महज 103 लोग ही टीका लगवा सके हैं। सोमवार को फिर से 200 लोगों का नंबर टीकाकरण के लिए आएगा जिसमें 100 लोग बाल चिकित्सालय और 100 लोग मेडिकल कॉलेज में टीकाकरण कराएंगे। टीकाकरण को लेकर पहले दिन कम संख्या होने से अधिकारी भी आश्चर्य में है कि आखिर क्या कारण था जो कि स्टाफ के लोग टीकाकरण के लिए नहीं पहुंचे।

स्वास्थ्य विभाग के लिए सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि जिस गति से कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ने लगी थी, उसी गति से अब यह कम होने लगी है। घटती मरीजों की संख्या के चलते जिले के लोगों ने भी राहत की सांस ली है। इतना ही नहीं मौत के आंकड़े पर भी ब्रेक लगा है। इन सब के पीछे कारण हमारे मेडिकल कॉलेज मरीजों को बेहतर उपचार मिलना बताया जा रहा है।

पत्रिका
18/01/2021



# रतलाम में सबसे पहले सफाई कर्मचारी सुमित्रा भाभर को लगाया गया कोरोना का टीका

## सर्वप्रथम लाभार्थी बनकर खुश और गौरवान्वित है सुमित्रा

रतलाम। शासकीय मेडिकल कालेज रतलाम की सफाई कर्मचारी श्रीमती सुमित्रा भाभर बहुत खुश और गौरवान्वित हैं। रतलाम जिले में सबसे पहले कोरोना का टीका सुमित्रा को लगाया गया हैं।

रतलाम जिले में कोरोना टीकाकरण कार्य शासकीय मेडिकल कालेज से प्रारम्भ किया गया। कोरोना टीकाकरण के पहले ही दिन सबसे पहली लाभार्थी बनने पर प्रसन्न सुमित्रा ने कहा कि मै बहुत खुश हूं कि मुझे सर्वप्रथम टीका लगवाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कोरोना काल में भी मैनें लगातार कार्य किया है, जब लोग घरो से बाहर निकलने में डर रहे थे तब हम फन्टलाईन में कार्य कर रहे थे। सुमित्रा ने कहा कि मुझे आज वैक्सीन लगी है, मुझे टीके का दूसरा डोज 28 दिन बाद लगेगा। खुशी है कि टीकाकरण अभियान का शुरूआत मुझसे हुआ है। टीका लगवाने के आधा घंटे बाद चर्चा में सुमित्रा ने बताया कि उन्हें टीका लगवाने से कोई परेशानी नहीं हुई है। मैं पूर्णतः स्वस्थ हूं और टीका पूर्णतः सुरक्षित है। सभी लोगों को कोरोना से [illegible] [illegible] के लिए टीका अवश्य लगवाना चाहिए।

# कोरोना वैक्सीन : कम संख्या से लगा झटका... अब कर्मचारियों से पहले ही पूछ रहे- वैक्सीन लगवाने आओगे या नहीं

- एक दिन में 200 कर्मचारियों को लगना है वैक्सीन
- रजिस्ट्रेशन के बावजूद पहले दिन 103 कर्मचारियों ने ही लगवाई, आज भी होगा टीकाकरण

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में पहले दिन कम टीकाकरण ने सभी को चौंका दिया है। इधर, कर्मचारियों के नहीं आने से अधिकारियों को भी झटका लगा है। रविवार को जिम्मेदार कर्मचारियों से पहले ही पूछते दिखे कि वैक्सीन लगवाने आओगे या नहीं... उस हिसाब से नाम आगे भेजे। इधर, पहले दिन की तरह... रविवार को शाम 5 बजे तक भी कई कर्मचारियों को मैसेज नहीं मिले।

जिले में शनिवार से कोरोना वैक्सीनेशन की शुरुआत हो गई। अभी मेडिकल कॉलेज और बाल चिकित्सालय में वैक्सीन लगाई जा रही है। लेकिन, पहले दिन वैक्सीन लगवाने करीब 48.5 प्रतिशत कर्मचारी नहीं आए थे। दो केंद्रों पर 200 लोगों को वैक्सीन लगना थी लेकिन 103 लोग ही पहुंच सके, इनमें भी अधिकारी वर्ग शामिल था। वैक्सीन ना लगवाने का कारण किसी ने शहर से बाहर होना तो किसी ने बीमारी को बताया। इधर, रविवार को अधिकारी कर्मचारियों को फोन लगाकर पूछते रहे कि सोमवार को वैक्सीन लगवाने आओगे या नहीं। सीएमएचओ कार्यालय के कुछ कर्मचारियों ने वैक्सीन लगवाने की सहमति दी है। सोमवार को भी दो केंद्रों पर ही टीकाकरण किया जाएगा।

### सबक नहीं... रविवार को भी मैसेज का इंतजार करते रहे

इधर, पहले दिन कम संख्या का एक कारण मैसेज लेट मिलना भी सामने आया था। इससे सबक नहीं लिया गया। दूसरे दिन भी कई कर्मचारी शाम 6 बजे तक मैसेज मिलने का इंतजार करते रहे। मैसेज कोविन पोर्टल के रजिस्ट्रेशन के आधार पर बल्क में जारी किए जाते हैं।

### बेहतर टीकाकरण के लिए ड्यूटी और टाइम मैनेजमेंट... जरूरी

इधर, कर्मचारियों के मुताबिक बेहतर टीकाकरण के लिए टाइम मैनेजमेंट जरूरी है। ब्लॉक स्तर के लोगों को टीकाकरण में परेशानी है। उन्हें दिनभर का समय चाहिए। यदि कोई आलोट का रहने वाला है तो वह रतलाम आएगा। उसे दो से तीन घंटे आने में ही लग जाएंगे। ऐसे में दिनभर खत्म हो जाएगा। ब्लॉक स्तर पर भी टीकाकरण केंद्र जल्द शुरू करना चाहिए। इधर, शहरी लोग भी टीकाकरण के लिए टाइम निकालने से कतरा रहे हैं।

# दो दिन में सिर्फ 4 पॉजिटिव, चारों की उम्र 65 साल से ज्यादा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में कोरोना मरीजों के आंकड़े अचानक कम होने लगे हैं। रविवार को सिर्फ 2 पॉजिटिव ही सामने आए है। दो दिन का आंकड़ा देखा जाए तो सिर्फ 4 संक्रमित ही मिले। इसमें भी चारों की उम्र 65 साल से ज्यादा ही है। इधर, अब एक्टिव केस भी 100 के करीब आ गए हैं।

रविवार को धीरजशाह नगर की 65 साल की महिला और लक्कड़पीठा के 70 साल की महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। जबकि 44 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आई। रविवार को सैंपलिंग की संख्या भी कम रही। सिर्फ 193 लोगों के ही सैंपल हो सके। इधर शनिवार को 406 लोगों की जांच की गई थी। एपेडेमियोलॉजिटिव डॉ. गौरव बोरीवाल ने बताया बीच में आरटी-पीसीआर से जांच बंद हो गई थी। लेकिन, अभी आरटी-पीसीआर भी चालू है। जांच हो रही है, लेकिन संक्रमित कम मिल रहे हैं। केस कम मिलने का कारण अभी नहीं बता सकते हैं।

**7 मरीजों को किया डिस्चार्ज :** इधर शनिवार को 7 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। जिले में कुल एक्टिव केस 110 हैं। अभी मरीजों की रिपोर्ट आना अभी बाकी है।

# रजिस्ट्री नवीनीकरण के लिए करें आवेदन

**रतलाम |** मप्र दुकान एवं स्थापना अधिनियम के तहत प्रदत्त पंजीकरण एवं नवीनीकरण शुल्क मप्र राज्य शासन की अधिसूचना के अनुसार जिन स्थापना में एक से तीन कर्मचारी कार्यरत हैं, उनके लिए रजिस्ट्रीकरण, नवीनीकरण शुल्क 200 रुपए एवं जिन स्थापना में तीन से अधिक कर्मचारी हैं उन स्थापना के लिए रजिस्ट्रीकरण शुल्क 250 रुपए निर्धारित किया गया है। रजिस्ट्रीकरण, नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 फरवरी तक किया जा सकता है।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत

# उत्कृष्ट विद्यालय में भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ

रतलाम ● स्वदेश समाचार

स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत शहर के सागौद रोड़ स्थित उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह व उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य सुभाष कुमावत व स्कूल स्टाफ की मौजूदगी में आयोजित भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता में 100 अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेकर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए अपने विचार रखे व चित्र बनाए। इस मौके पर बेहतर प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को निगम आयुक्त व स्कूल स्टाफ ने पुरुस्कृत भी किया। संचालन स्कूल के स्वच्छता कार्ययोजना प्रभारी गिरीश सारस्वत ने किया।

इस मौके पर निगम आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों का विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करते हुए कहां कि शहर को स्वच्छता की दौड़ में नम्बर वन लाने के लिए स्वच्छता क्रांति लाने की जरुरत है। जिस तरह रतलाम सेव, साड़ी और सोने के लिए संसार भर में अपना एक अलग मुकाम रखता है, उसी तरह रतलाम सफाई के मामले में भी देश में अपनी अलग पहचान बनाए। इसके लिए हम सभी को हर हाल में स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने का संकल्प लेना होगा। स्कूल प्राचार्य सुभाष कुमावत ने स्वच्छता को लेकर स्कूल में संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं को स्कूल को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करने का आव्हान किया।

## ये रहे परिणाम

भाषण प्रतियोगिता-50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम पुरुस्कार छात्रा अनुजा दीक्षित, दूसरा पुरुस्कार निर्जला गौड़, तीसरा पुरुस्कार तरन्नुम मेव को दिया गया। इसी स्पर्धा में प्रोत्साहन पुरुस्कार सुमित सौलंकी को दिया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में भी 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम पुरुस्कार कु.कोमल, दूसरा पुरुस्कार पलक कुमावत, तीसरा पुरुस्कार वंदना सोनावा और प्रोत्साहर पुरुस्कार हर्षिता मुनिया को दिया गया।

**ये रहे निर्णायक**- चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक श्रीमती सीमा अगनीहोत्री, मंजू गुप्ता और श्रीमती वंदना नाहटा थी। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक श्रीमती पूर्णिमा शर्मा, सुनील कदम और श्रीमती चंचल जायसवाल थे। सफाई मित्र समूह द्वारा आयोजित इन स्पर्धाओं के दौरान स्कूल परिसर में स्वच्छता का संदेश देने वाली रांगोरियों का भी निर्माण किया गया। जिसकी स्कूल स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने काफी सराहना की है। स्वदेश

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया –पृष्ठ 03 दिनांक 18/01/2021

# शहर में नया बस टर्मिनल और स्टेडियम बनेगा

## 2035 का मास्टर प्लान : जनप्रतिनिधियों के सुझाव लिए, अब भोपाल भेजेंगे ड्राफ्ट

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** रतलाम विकास योजना प्रारूप 2035 में जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों को लेकर प्रस्ताव शामिल कर लिए गए हैं। नगर व ग्राम निवेश विभाग के भोपाल मुख्यालय को यह ड्राफ्ट भेजा जाएगा। दावे-आपत्ति के बाद मास्टर प्लान का अंतिम प्रकाशन होगा।

मालूम हो कि 11 जनवरी को हुई बैठक में जनप्रतिनिधियों ने मास्टर प्लान को लेकर सुझाव नहीं लेने पर नाराजगी जाहिर की थी। बैठक में निर्णय लिया गया था कि जनप्रतिनिधियों के सुझाव तथा संबंधित विभागों के समन्वय से योजना का प्रारूप तैयार करने के बाद शासन को भेजा जाएगा। इसके बाद गत दिवस शहर विधायक चेतन्य काश्यप, रतलाम ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना के साथ नगर व ग्राम निवेश विभाग के अधिकारियों ने बैठक लेकर जरूरी सुझाव लेकर प्रस्ताव तैयार किए।

दरअसल एक्सप्रेस वे के बनने के बाद बिबड़ौद क्षेत्र में नया लॉजिस्टिक हब बनाने की तैयारी भी की जा रही है। मास्टर प्लान में इससे जुड़ी सुविधाओं को लेकर प्रस्ताव की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। जनप्रतिनिधियों ने भी दूसरी बैठक में इसी से जुड़े प्रस्तावों की जानकारी लेकर सुझाव दिए।

### 2021 के मान से आधे काम भी नहीं

प्रारंभिक प्रारूप में वर्ष 2021 के मास्टर प्लान के मान से ही 2035 के भी प्रविधान किए गए। वर्ष 2021 में कुल निवेश क्षेत्र का क्षेत्रफल 10163 हेक्टेयर था। इसमें नगरीय क्षेत्र 2425.30 व ग्रामीण क्षेत्र 7738.40 हेक्टेयर थी, जिसे वर्ष 2035 में भी समान रखा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों की संख्या 13 ही रखी गई है। वर्ष 2035 के मान से 5 लाख की जनसंख्या का अनुमान रखा गया है। 2021 के मास्टर प्लान में प्रस्तावित क्षेत्र 2200 हेक्टेयर रखा गया था, जो अभी 1203.63 है। 2035 के लिए 2960.20 हेक्टेयर का क्षेत्र प्रस्तावित किया गया है।



रतलाम शहर का विहंगम दृश्य। ● नईदुनिया

## 20 प्रतिशत तक बढ़ेगी संपत्ति की गाइड लाइन

**रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)।** कोरोना के चलते वित्तीय वर्ष 2020-21 में संपत्ति सौदों के पंजीयन के लिए गाइडलाइन दर 20 प्रतिशत कम करने के बाद अब नए सिरे से गाइड लाइन तय करने की प्रक्रिया की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2021-22 की गाइड लाइन को लेकर पंजीयन विभाग ने सभी जिला पंजीयकों को दिशा-निर्देश दिए हैं। विभागीय निर्देशों के अनुसार जहां वर्तमान गाइड लाइन से 50 प्रतिशत अधिक पर रजिस्ट्री हुई है, वहां 20 प्रतिशत गाइडलाइन बढ़ाई जाएगी। संपदा सॉफ्टवेयर से जिले व शहर के ऐसे स्थान चिन्हित किए जाएंगे।

**वित्तीय वर्ष 2020-21**

- प्रॉपर्टी के नए दाम तय करने की प्रक्रिया, दिशा-निर्देश जारी
- जहां 50 प्रतिशत से ज्यादा पर रजिस्ट्री हुई वहां सर्वाधिक वृद्धि होगी

मालूम हो कि शहर के सैलाना रोड, प्रताप नगर, खाचरौद मार्ग, कस्तूरबा नगर, 80 फीट रोड, बिबड़ौद मार्ग, सेजावता बायपास सहित सालाखेड़ी, बंजली में कई भूमियों की रजिस्ट्री गाइड लाइन से 20 से 50 प्रतिशत तक अधिक में हुई है। इसी तरह हाउसिंग बोर्ड की गंगासागर कॉलोनी सहित कई अन्य कॉलोनियों में तैयार मकानों की रजिस्ट्री भी ज्यादा दर पर हुई है। ऐसे में ऐसे स्थानों पर दर वृद्धि तय है। पंजीयन विभाग द्वारा गाइडलाइन वृद्धि के लिए स्थल वार प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। इसी माह जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में भी होना संभावित है। समिति द्वारा इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। जिला पंजीयक प्रभात वाजपेई ने बताया कि अभी मुख्यालय से निर्देश नहीं मिल पाए हैं। संपत्ति की दर वृद्धि को लेकर इस माह प्रस्ताव तैयार कर लेंगे।

### नए प्रस्ताव में इन बातों का ध्यान

**बस टर्मिनल :** शहर में अंतरराज्यीय बसों के आवागमन को देखते हुए भविष्य के मान से बस टर्मिनल के प्रविधान पर ध्यान दिया गया है। शहर के इसके लिए स्थल प्रस्तावित किए गए हैं।

**मेजर रोड पर गतिविधि :** प्लान की सभी मेजर रोड पर दोनों ओर व्यावसायिक, आवासीय गतिविधियों के प्रस्ताव हैं। पूर्व में इसमें एक ओर ही प्रविधान थे।

**ग्रीन बेल्ट** – विभाग के नियमों के मान से ग्रीन बेल्ट के इलाके चिन्हित किए गए हैं। हनुमान ताल व आसपास की कुछ जमीन के उपांतरण की प्रक्रिया भी पूर्व में की गई थी।

> शहर के चौतरफा विकास के लिए व्यवहारिक दृष्टिकोण से विकास योजना प्रारूप 2035 की पूरी जानकारी लेने के बाद जरूरी प्रस्ताव के लिए सुझाव दिए हैं। – **चेतन्य काश्यप, विधायक, रतलाम शहर**

# सीएम के रतलाम प्रवास को लेकर निगम ने भी स्वच्छता के लिए कमर कसी

## निगम आयुक्त ने निगम अधिकारियों की बैठक ली, अमले से कहा स्वच्छता में ऐसा काम करो रतलाम इंदौर जैसा लगने लगे

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगामी दिनों प्रस्तावित रतलाम भ्रमण के तहत नगर निगम द्वारा की जाने वाली तैयारियों के संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। निगम आयुक्त ने बैठक में निर्देषित किया कि मुख्यमंत्री के रतलाम आगमन पर हेलीपेड सहित प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलोंए मार्गो आदि की आज से ही साफसफाई आदि का कार्य प्रारंभ किया जावे साथ ही सड़कों का मरम्मत कार्य आदि का भी कार्य प्रारंभ किये जाने के निर्देष बैठक में संबंधितों को दिये।

बैठक में निगम आयुक्त ने निर्देषित किया कि रतलाम नगर के प्रवेष मार्गो पर भी प्रतिदिन सफाई की जाये साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत संपूर्ण नगर में सफाई का कार्य वृहद स्तर पर किया जाकर रतलाम नगर को स्वच्छ बनाया जाये ताकि रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाया जा सके। उन्होंने निर्देषित किया कि रतलाम नगर की सफाई व्यवस्था ऐसी होनी चाहिये कि रतलाम में इंदौर की झलक दिखाई दे। इस कार्य में निगम के सभी कर्मचारियों का पुरी ताकत लगाना होगी साथ ही नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाये। बैठक में निगम आयुक्त ने निर्देषित किया कि मुख्यमंत्री के रतलाम आगमन के पूर्व की जाने वाली समस्त तैयारियो हेतु सौंपे गये कार्य अभी से प्रारंभ कर दिये जाये।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार राज एक्सप्रेस पृष्ठ 1 दिनांक 18/01/2021

# रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त ने लिया जायजा



रतलाम। स्वच्छ भारत मिशन के तहत घर.घर से गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण हेतु आयुक्त नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से लिये जा रहे फीडबेक के तहत निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने गत रात्री माणक चौक क्षेत्र में की जा रही सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

माणक चौक क्षेत्र में की जा रही रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के निरीक्षक के दौरान निगम आयुक्त ने दुकानदारों को निर्देशित किया कि वे अपनी दुकानों में अनिवार्य रूप से 4 कचरा पात्र रखें व पृथक.पृथक कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक.पृथक भागो में डालें। इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि वे अपनी दुकानों के अन्दर ही व्यापार करना सुनिश्चित करें दुकानों के बाहर सामान रखकर अतिक्रमण ना करें। निगम आयुक्त ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे सफाई उपरान्त कचरे को एकत्रित कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें। इस अवसर पर गंदगी करने वाले दुकानदारों पर स्पॉट फाईन किये जाने के निर्देश भी संबंधित को दिये। इसके अलावा निगम आयुक्त ने सब्जी मण्डीए दौलतगंजए नागरवास आदि का भी निरीक्षण किया। 2|5